सेवा में,

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक / पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय
बरेली जोन, जनपद बरेली ।

विषय;- पुलिस द्वारा निर्दोष को थाने में बंद कर चालान काटने व बेरहमी से मारपीट के सम्बन्ध में।

आदरणीय महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि जनपद बरेली थाना भुता की निवासी रानू देवी पत्नी स्वर्गीय सोनपाल का प्लाट भुता में है प्लाट के पड़ोस में रानू देवी के रिश्तेदार महिपाल सिंह पुत्र रामसहाय, अरविन्द सिंह पुत्र सुखपाल सिंह, अरुण सिंह पुत्र श्यामपाल सिंह, बबलू सिंह पुत्र महिपाल सिंह निवासी ग्राम भुता में रहते है जिनसे प्रॉपर्टी सम्बन्धी विवाद चल रहा है
इसी रंजिश के चलते यह लोग रानू देवी के प्लाट पर कूड़ा गन्दगी इत्यादि फेंकते रहते है आपत्ति करने पर गाली गलौज मारा पीटी करते है

रानू देवी के दूसरे प्लाट के रास्ते में भी ये लोग अतिक्रमण कर के रखते है रास्ते में पलंग ट्रेक्टर ट्राली गाडी इत्यादि खड़ा कर देते है आपत्ति करने पर गाली गलौज मारा पीटी करते है
आरोपित दबंग व बदमाश व हिस्ट्रीशीटर किस्म के लोग है और अवैध मिटटी खनन का कार्य करते है जिस कारण इनके हौसले बुलंद रहते है, इससे पूर्व भी उपरोक्त लोग प्रार्थिनी के साथ घर में घुस कर मारापीटी कर चुके है।
उक्त प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल के द्वारा की जा चुकी है।

इसी सन्दर्भ में दिनांक 10/11/2023 को अपरान्ह एक बजे करीब उपरोक्त विपक्षी एकराय होकर प्रार्थिनी के घर पर लाठी डंडे लेकर चढ़ाई कर दी और कहा की तू हमारी मिटटी खनन की शिकायत कर रहा है तुझे जान से मार देंगे, प्रार्थिनी का पुत्र प्रदीप पुत्र सोनपाल बमुश्किल जान बचाकर थाने शिकायती पत्र लेकर

पहुंचा जहाँ पुलिस ने प्रार्थिनी के पुत्र को ही थाने में बैठा लिया और उसका धारा 151 के अन्तर्गत चालान कर दिया और थाने में बंद कर दिया।

रात में थाने से उपनिरीक्षक वीरपाल का फ़ोन पहुँचता है कि प्रदीप की हालत नाज़ुक है उसके नाक व मुंह से खून आ रहा है उसे अस्पताल लेकर जा रहे है, प्रार्थिनी व अन्य परिजन भी अस्पत पंहुच गए, अस्पताल में प्रदीप को होश आने के बाद प्रदीप ने बयान दिया की थाने में रात दस बजे करीब उपनिरीक्षक वीरपाल व अन्य सिपाहीगण और होमगार्ड इत्यादि ने मिल कर बेरहमी से लातो घूंसो व डंडे पीटा जिससे उसके मुंह और नाक से खून आने लगा और वो बेहोश गया, सामने आने पर प्रदीप सभी पुलिसकर्मी व होमगार्ड आदि को पहचान लेगा (बयान का वीडियो उपलब्ध है) ये सभी पुलिसकर्मी व उपनिरीक्षक वीरपाल खनन माफिआओं से मिले हुए है जिसके चलते पुलिस द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया।

अत: महोदय से निवेदन है कि उपरोक्त लोगो के विरुद्ध जांच करवा कर कठोर से कठोर कार्यवाही करने का कष्ट करें और प्रार्थिनी व उसके परिवार को उपरोक्त पुलिसकर्मियों व खनन माफिआओं से सुरक्षा प्रदान करने की कृपा करें आपकी महान कृपा होगी।

Date:-10/11/2023

प्रार्थिनी
रानू देवी पत्नी स्व० सोनपाल
ग्राम भुता थाना भुता
जनपद बरेली
मोब.8938903594